भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2659

11 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

देश में अस्पतालों में बेड और स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति

2659 श्री संजय सिंहः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में प्रति 1,000 जनसंख्या पर अस्पतालों में बेड की वर्तमान उपलब्धता कितनी है;
(ख) बिना चिकित्सक के कार्यशील प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) की संख्या कितनी है;
(ग) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में विशेषज्ञों की कमी की स्थिति क्या है; और
(घ) कई सरकारी अस्पतालों में सामान्य बेड ऑक्यूपेंसी दर क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): 'जन स्वास्थ्य एवं अस्पताल' राज्य के विषय है। जन स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली को सुदृढ़ करने, जिसमें अवसंरचना, स्वास्थ्य परिचर्या जनशक्ति तथा सेवा प्रदायगी शामिल है, की प्राथमिक जिम्मेदारी, संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। तथापि, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के रूप में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर जन स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करता है। भारत सरकार द्वारा मानदंडों तथा उपलब्ध संसाधनों के अनुसार कार्यवाही रिकॉर्ड विवरण (आरओपी) के रूप में प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान की जाती है।

अस्पतालों में बिस्तरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में चिकित्सकों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में विशेषज्ञों से संबंधित विवरण हेल्थ डाइनेमिक्स ऑफ इण्डिया (एचडीआई) 2023-24 के निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है:

https://www.mohfw-dohfw.gov.in/static/uploads/2026/05/57202cf30629539e4d0fb0a2f700ac62.pdf

*****